सेल्समैन पर फायरिंग, कंधे में लगी गोली

चार अज्ञात बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,06फरवरी। चार बदमाशों द्वारा दुकान पर बैठे वाइन शॉप के सेल्समैन से गाली-गलौज करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई, जिससे कंधे में गोली लगने से वह घायल हो गया। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्रांतर्गत पिंटो पार्क की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उनकी तस्दी करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

चार शहर का नाक निवासी 35 वर्षीय प्रशांत शिवहरे पुत्र अशोक शिवहरे गोला का मंदिर थाना क्षेत्रांतर्गत पिंटो पार्क सब्जी मंडी में स्थित वाइन शॉप पर सेल्समैन के रूप में जॉब करता है। जब वह दुकान पर बैठा था, तभी वहां चार अज्ञात युवक आए और गाली-गलौज करते हुए कहने लगे कि मारो इसको। जब तक प्रशांत कुछ समझ पाता, तब तक एक युवक ने पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से उसे टारगेट करते हुए तीन से चार फायर ठोक दिए। जिनमें से एक गोली प्रशांत के कंधे में लगने से वह घायल हो गया। बदमाशों के खतरनाक इरादे देख उसने दुकान के काउंटर के नीचे बैठकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाश उसकी तरफ पत्थर फेंकते हुए भाग निकले। दुकानदार प्रशांत को फूलबाग क्षेत्र में स्थित एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे और उसका उपचार शुरू करवाया पर मौजूद अन्य सहकर्मी घायल हुए।

हॉस्पिटल पहुंची पुलिस: वाइन शॉप के सेल्समैन पर फायरिंग होने की सूचना पुलिस को उसके हॉस्पिटल पहुंचने के बाद मिली। जिस पर पुलिस तत्काल हॉस्पिटल पहुंची और घायल युवक के बयान दर्ज किए। जिसने बताया कि आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश हो सकती है, लेकिन घटना के वक्त वह उन्हें ठीक ढंग से देख नहीं पाया है। इस पर पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

इनका कहना है...
वाइन शॉप के सेल्समैन के कंधे में गोली लगी है, जिसने चार अज्ञात बदमाशों द्वारा फायरिंग करना बताया है। वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद होने से घटना के फुटेज नहीं मिल सके हैं। घायल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
धर्मेंद्र सिंह यादव टीआई, गोला का मंदिर

टमटम पलटा, जेसीबी से उठाया

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,06फरवरी। फूलबाग पर बन रही एलिवेटेड रोड के कारण सड़क पर भरे पानी एवं गड्ढे में फंस कर टमटम पलट गई। इसके कारण उसमें बैठी सवारियां एवं ड्राइवर को हल्की चोटे आई। टमटम को सीधा करने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। फूलबाग चौराहे से लेकर मोती मस्जिद के आगे तक सड़क पर घुटनों तक पानी भरा हुअ हुआ है, साथ ही एलिवेटेड रोड निर्माण के कारण फूलबाग चौराहे पर काफी गड्ढे हो गए हैं। पानी भरा होने के कारण सड़क पर लोगों को गड्ढे नहीं दिखते हैं, जिसके कारण अक्सर वाहनों के पहिए गड्ढों में फंस जाते हैं। दो पहिया वाहन चालक लगभग हर दिनइन गड्ढों में फंसकर गिरते रहते हैं। शुक्रवार सुबह तकरीबन 10 बजे टमटम इन गड्ढों में फंसकर पलट गया।

आम सूचना

श्री श्रीराम श्रीवास्तव पुत्र श्री हरि बाबू श्रीवास्तव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.11 का भाग, स्थित ग्राम मोहम्मदपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 06 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 101/मिन-1, 102, 103 /मिन-1, 104/मिन-1, 107, 108, 109, 111, 112 एवं 113 ग्राम मोहम्मदपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में- रास्ता, पश्चिम में भूखण्ड श्रीमती प्रियंका, उत्तर में भूखण्ड कपूरी बाई एवं दक्षिण में भूखण्ड पंडित जी है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री रोशनलाल पुत्र श्री आनंदीलाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रोशनलाल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री श्रीराम श्रीवास्तव पुत्र श्री हरि बाबू श्रीवास्तव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602021ए1817965 दिनांक 24.09.2021 से विक्रय की गई। श्री श्रीराम श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था,निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 14 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नवग्रह शक्ति पीठ पर कार्यक्रमों की भव्य तैयारियां

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 06 फरवरी। जिले के डबरा में निर्मित नवग्रह शक्ति पीठ मंदिर का शुभारंभ 10 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की विशेष उपस्थिति में डबरा पहुँचकर निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, पार्किंग व्यवस्था, हैलीपेड व्यवस्था के साथ-साथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिये मूलभूत व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नवग्रह शक्ति पीठ मंदिर में 10 फरवरी से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही बड़ी संख्या में मंदिर परिसर आने वाले श्रद्धालुओं के लिये भी किए गए प्रबंधनों के बारे में जानकारी ली। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से विस्तार से चर्चा कर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिंह ने आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं हैलीपेड पर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि नवग्रह शक्ति पीठ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके पुख्ता प्रबंध किए जाएं। पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य स्थलों पर भी पेयजल की समुचित व्यवस्था हो। प्रकाश व्यवस्था भी सभी जगह हो यह सुनिश्चित किया जाए। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने नवग्रह शक्ति पीठ के शुभारंभ अवसर एवं अन्य दिनों में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण कौशल शर्मा, वीरेन्द्र जैन, नितिन आनंद वशिष्ठ, विवेक मिश्रा, सुकर्ण मिश्रा, मुकेश परिहार, बंटी गौतम सहित अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, एडीएम सी बी प्रसाद सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी

आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,06फरवरी। मध्य प्रदेश ठेका इंटक स्वास्थ्य संघ ने प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं और लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर सुरेश बरादिया को ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति और कार्य दशाओं में सुधार नहीं हुआ, तो आगामी समय में संगठन उग्र कदम उठाने को विवश होगा। प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारी वर्तमान में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित चार बिंदुओं पर जोर दिया गया है जिसमें निश्चित समय पर भुगतान, वेतन वृद्धि का एरियर, एनआरसी कर्मचारियों का संकट, नियमितीकरण और समायोजन प्रमुख हैं. ज्ञापन सौंपते समय संगठन के प्रमुख सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से अरुण मांझी, देवेंद्र करोरिया, कल्पना कुशवाह, रितेश सिंह, नरेश कटारे, सुनीता पाठक, संजय शर्मा और वीरू कुशवाह शामिल थे।

CHANGE OF NAME

1. Macharla Jishita daughter of Army No. JC 703572Y SUB MAJ Machirla Somasekhara Rao presently residing at Vill- 2-157, Nibhanupudi, Post- Nimmakuru, Teh- Pamarru, District-Krishna, State- Andhra Pradesh, PIN-521158. I have changed my name from **Macharla Jishita** to **Macharla Jishitha** due to wrongly entered in my father's service documents. I am producing this affidavit for the purpose of evidence for my Name. both names **Macharla Jishita** and **Macharla Jishitha** pertain to one and the same person. I shall at all times hereafter in all records. Deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only **Macharla Jishitha. Vide Affidavit No.- DC 279481, Dated-05-02-2026.**

नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है। कि मै चांदनी नागरिया पत्नी श्री अजय नागरिया निवासी- 17/1235, आरामिल, राम विला बिरला नगर, ग्वालियर, (म.प्र.) यह कि प्रार्थिनी की हाईस्कूल की अंकसूची में नाम की स्पेलिंग **चांदनी उरैया CHANDANI URAIYA** अंकित है। किन्तु अब मैने अपना नाम **चांदनी उरैया CHANDANI URAIYA** के स्थान पर **चांदनी नागरिया CHANDNI NAGARIA** रख लिया है। अतः अब मुझे भविष्य में **चांदनी नागरिया CHANDNI NAGARIA** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

प्रार्थिनी
नाम चांदनी नागरिया
पत्नी श्री अजय नागरिया
निवासी- 17/1235, आरामिल, राम विला बिरला नगर, ग्वालियर, (म.प्र.)

CHANGE OF NAME

I, Macharla Kavitha wife of Army No. JC 703572Y SUB MAJ Machirla Somasekhara Rao presently residing at Vill- 2-157, Nibhanupudi, Post- Nimmakuru, Teh- Pamarru District- Krishna, State Andhra Pradesh, PIN- 521158. I Have changed my Date of Birth From **02 May 1985 To 02 Jul 1989** due to wrongly entered my date of Birth in my husband's service documents. That my real date of Birth is **02 Jul 1989 (Two July Nineteen Eighty Nine).** both Date of Birth **02 May 1985 and 02 Jul 1989** pertain to one the same person. I shall at all times hereafter in all records. Deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever my Date of Birth be only **02 Jul 1989. Vide Affidavit No.- DC 279482, Dated : 05/02/2026.**

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती बबीता पत्नी श्री सरदार सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 103 एंव 104 भाग ब्लॉक ई स्थित खाटू श्याम इंक्लेव ग्राम खुरैरी जिला ग्वालियर मे है। जो कि सर्वे नं 1420/1/1/2 एंव 1420/2 का भाग 800 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 61 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता जितेन्द्र पुत्र श्री रमेश सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम पी 142592025ए1264489 तारीखी 11.04.2025 में लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री भवानी द्वारा मु. आम मुकेश सिंह राजपूत पुत्र श्री कप्तान सिंह राजपूत के द्वारा सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:-पूर्व में-प्लॉट क्र. 78 व 77, पश्चिम में- रोड, उत्तर में - प्लॉट क्र. 103 का भाग दक्षिण में-प्लॉट क्र. 103 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता जितेन्द्र पुत्र श्री रमेश सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति के विक्रेता लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री भवानी द्वारा मु. आम मुकेश सिंह राजपूत पुत्र श्री कप्तान सिंह राजपूत के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री भवानी के परिवार सदस्य रतीराम पुत्र श्री भवानी को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।
दिनांक 04.02.2026
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय वाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 930098194

टमटम से बैटरी चोरी करने वाले गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,06फरवरी। टमटम (ई-रिक्शा) की बैटरियां चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को महाराजपुरा थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए दबोच लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शताब्दीपुरम क्षेत्र से हुई बैटरी चोरी के संदिग्ध आरोपी एक स्विफ्ट कार में चोरी का माल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। इस पर सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरी. यशवंत गोयल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भदौली के पुराने स्टेशन सुसैरा रोड पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट कार को रोककर जब तलाशी ली गई, तो उसमें तीन युवक सवार मिले। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी प्रदीप गुर्जर (24) निवासी ग्राम टिकटोली (हाल आस्तिक देव नगर, महाराजपुरा)। सचिन गुर्जर (21) निवासी ग्राम घसटुआ, राकेश गुर्जर (23) निवासी ग्राम भैसोरा, मूलत मुरैना जिले के रहने वाले हैं। शुरुआत में आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों से एक अन्य गायब बैटरी के संबंध में पूछताछ कर रही है, साथ ही शहर में हुई अन्य चोरी की वारदातों में भी इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

व्हीआईएसएम में एनसीसी कैडेट्स की फेयरवेल आयोजित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,06फरवरी। व्हीआईएस एम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ के अंतर्गत एनसीसी विंग 15 एमपी बटालियन के सीनियर कैडेट्स के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीनियर कैडेट्स को सम्मानपूर्वक विदाई देना तथा उनके योगदान और उपलब्धियों की सराहना करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके पश्चात जूनियर कैडेट्स द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में रैम्प वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें बॉयज एवं गर्ल्स कैडेट्स ने आत्मविश्वास के साथ भाग लिया और सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जैसे नृत्य, गीत, ग्रुप परफॉर्मेंस एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। उन्होंने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान उन्हें अनुशासन, समय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और राष्ट्रसेवा की भावना सीखने का अवसर मिला। सीनियर कैडेट्स ने जूनियर कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण अनुभव है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने सीनियर कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके योगदान की सराहना की। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने कैडेट्स को कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। एनसीसी कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना विकसित होती है। इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, हवलदार खूंजम तांगजंग सहित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

CHANGE OF NAME

I, MAYA RAM Army No. 6495106N HAV/ASH presently residing at Vill - Toranwada Post - Toranwada Teh - Amla, District - Betul, State - Madhya Pradesh PIN - 460551, have changed my daughter name from **DIVYA BINJVE** to **DIVYA BINJWE** Vide Affidavit No. DC 279479 & Date- 05.02.2026 before District Court Gwalior

बेचना के लिए
आनंद नगर में रोड फेसिंग कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु। 2000 वर्गफुट में बना मकान 8 दुकानें व 2 मंज़िल। निवेश के लिए बेहतरीन अवसर।
तुरंत संपर्क करें
9301101246

कांग्रेस किसी भी कीमत पर मतदाताओं के साथ अन्याय नहीं होने देगी

बैठक में एसआईआर कार्य की समीक्षा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 6 फरवरी। ग्वालियर जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति, जिन पात्र मतदातांओ के नाम वोटर लिस्ट से कट गए है ऐसे मतदातांओं को अपना नाम जुड़वाने में हो रही परेशानियों को दूर करने एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य से संबधित अन्य परेशानियों को निराकरण कराने के लिए कांग्रेस भवन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक अध्यक्षगणों, ब्लॉक प्रभारीगणों एवं अभिभाषकगणों की बैठक हुई। बैठक में सभी ने एसआईआर कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रभावित मतदाताओं तक पहुंचने के लिए, प्रशासनिक लापरवाहियों और आम नागरिकों को हो रही कठिनाइयों पर विस्तार से एक संयुक्त रणनीति पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य लोकतंत्र की नींव है, लेकिन वर्तमान में इसमें हो रही अनियमितताएं और लापरवाही से हजारों पात्र मतदाताओं के नाम कट रहे हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। सभी ब्लॉक अध्यक्षगण, ब्लॉक प्रभारियों को साथ लेकर कांग्रेस बीएलए की बैठक लें एवं अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पीड़ित मतदाताओं की मदद करें, आवश्यक दस्तावेजों के साथ उनके आवेदन समय पर भरवाएं और समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं। बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता सामने आ रहे हैं जिनका नाम 2003 की सूची में अंकित है और जो वर्षों से मतदान करते आ रहे हैं, बावजूद इसके उनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची से पात्र नागरिकों के नाम काटना लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर मतदाता अधिकारों के साथ अन्याय नहीं होने देगी। एसआईआर के नाम पर यदि जनता को परेशान किया गया तो कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। बैठक में इब्राहिम पठान, एड. चैन सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, विनोद कुमार जेन, रेखा जाटव, अनूप शिवहरे, लक्ष्मी माथुर, राजेश खान, नवीन भदाकरिया, उपेन्द्र पिंटू राजपूत, राजेश तौमर, अंसार खान, कुलदीप व्यास, श्याम सुदंर श्रीवास्तव, हरि जाटव, देवेन्द्र शर्मा रामनरेश परमार, वीरेन्द्र यादव, महेश मधुरिया, राजेश बाबू, भूपेन्द्र तोमर, सोनू भदौरिया, एम.के. कुरेशी एड, राजेश सिंह कुशवाह, हिमांशू कुलश्रेष्ठ, एड. अशोक राठौर, जसवंत शेजवार, बुदू खान, जीतू कुशवाह, पूरन सिंह राणा एड, नाजिम खान आदि उपस्थित थे।

एलआईसी के बीमा धारकों को ब्याज पर मिल रही छूट

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,06फरवरी। भारतीय जीवन बीमा निगम के क्लास वन ऑफिसर के संगठन नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंशयोरेंस के मंडलीय सचिव विजय सक्सैना ने हमारे प्रवक्ता को बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम में इस वक्त चल रहे विशेष पुनर्चालन अभियान में बीमा धारकों को ब्याज में 30 की छूट दी जा रहीं हैं जिसका अधिक से अधिक लाभ गवालियर मंडल के सभी बीमा धारकों को उठाने कि अपील की गई एवं उन्होंने गवालियर मंडल के सभी अभिकर्ताओं एवं विकास अधिकारीयों से अपील की कि बीमा धारकों को इस हेतु अधिक से अधिक सहयोग प्रदान किया जाए एवं नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंशयोरेंस ऑफिसर के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओ पी डागर ने मध्य क्षेत्र के सभी बीमा धारकों से अपील की कि इस विशेष पुनर्चालन अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपनी लंबे समय से बंद पडी पालिसीयों का पुनर्चालन करा कर उन्हें चालू करें एवं उन्होंने मध्य क्षेत्र के सभी शाखा प्रबंधकों को बीमा सेवा विभाग के सभी विभाग प्रमुखों विकास अधिकारी यों एवं अभिकर्ताओं से अपील की इसका अधिक से अधिक लाभ बीमा धारकों तक पहुँचाया जायें।

कृषक कल्याण वर्ष में छात्र, शिक्षक व संस्थाओं से मांगे सुझाव

ग्वालियर 06 फरवरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार इस साल कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ 11 फरवरी को किया जाएगा। इस दौरान कृषक कल्याण से संबंधित विभागों की गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए 10 दिशात्मक मॉडल पर कार्य किया जाना है। इस कार्ययोजना की तैयारी को लेकर आमजन, कृषक, कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाएं, संगठन, छात्र, उद्यमी इत्यादि अपने सुझाव Mygov.in पोर्टल पर कैंपेन के माध्यम से 250 शब्दों में सुझाव दे सकते हैं।



महिला विंग ने कार्यक्रम संचालित करने का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 6 फरवरी। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन चंबल रीजन की प्रथम कार्यकारिणी बैठक श्री शांतिनाथ (नो गजा) दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, सेसईं में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्वालियर, अशोकनगर, भिंड, गुना, कोलारस, डबरा, अंबाह, मुरैना एवं मुंगावली से आए ग्रुपों की उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी उपस्थिति रही। जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा में आगामी समय के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ-साथ रीजन स्तर पर सामूहिक गतिविधियों की विस्तृत योजना बनाई गई। इसमें क्रिकेट प्रतियोगिता, तीर्थ यात्रा, सामूहिक अभिषेक-पूजन, स्वास्थ्य शिविर, संस्कार शिविर तथा नवीन ग्रुप विस्तार जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। महिला विंग द्वारा प्रतिदिन ऑनलाइन कार्यक्रमों के संचालन का भी संकल्प लिया गया। चंबल रीजन अध्यक्ष अनुपम चौधरी जैन ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात समारोहों एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय निर्देशिका से निर्धारित प्रोटोकॉल से संबंधित फोल्डर का विमोचन राष्ट्रीय एवं रीजन पदाधिकारियों के करकमलों से किया गया, जिस पर सभी ने अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। सभा का संचालन चंबल रीजन सचिव एडवोकेट आशीष जैन ने किया। बैठक का सुंदर एवं अनुकरणीय आतिथ्य रीजन के निवर्तमान अध्यक्ष पूनम पाटनी तथा कोषाध्यक्ष रवींद्र जैन के निर्देशन में शिवपुरी सोशल ग्रुप द्वारा किया गया।

परीक्षा पर चर्चा- पीएम ने की विद्यार्थियों से चर्चा

उत्कृष्ट विद्यालय मुरार में हुआ जिला स्तरीय आयोजन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 06 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार 6 फरवरी को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान भी किया। सम्पूर्ण प्रदेश के विद्यालयों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिला मुख्यालय पर भी जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उमावि क्र.-1 मुरार में आयोजित किया गया। ग्वालियर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष प्रियंका सतेन्द्र सिंह घुरैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा ढोड़ी, सहायक परियोजना समन्वयक जे पी व्यास, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रबुद्ध गर्ग, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सपनों को देखना जरूरी है परंतु उसे पूरा करने के लिये कर्म भी करना होगा। महापुरुषों की जीवनी पढ़नी होंगीं ताकि पता चल सके कि कितनी मेहनत से आगे बढ़ा जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने देश में निर्मित वस्तुओं का गौरव करना होगा तभी सम्पूर्ण विश्व गौरव करेगा। नई-नई टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करके ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। ग्वालियर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उपस्थित होकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को गंभीरता से सुना।